प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2019
इतिहास (केवल प्रश्न पत्र)
कक्षा—12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

नोटः i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

ii) इस प्रश्न पत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ख' में 05 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 50 शब्द) हैं, खण्ड 'ग' में 06 लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 100 शब्द) हैं, खण्ड 'घ' में 03 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (लगभग 500 शब्द) हैं तथा खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित 05 प्रश्न हैं। शब्द सीमा में (कम या ज्यादा) 10% की छूट अनुमन्य है।

iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

खण्ड—'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न

1— "तुजुक—ए—बाबरी" का रचयिता था? 1

(1) बाबर (2) फैजी

(3) हुमायूँ (4) फरिश्ता

2— औरंगजेब ने शाहजहाँ को कहाँ कैद कर रखा था? 1

(1) आगरा में (2) दिल्ली में

(3) शाहजहानाबाद में (4) फिरोजाबाद

3— मुगल साम्राज्य का अन्तिम सम्राट कौन था? 1

(1) बहादुरशाह प्रथम (2) बहादुरशाह द्वितीय

(3) शाहआलम (4) मुहम्मदशाह

4— शिवाजी की राजधानी थी? 1

(1) पुरन्दर (2) रायगढ़

(3) सिंहगढ़ (4) पुणे

5— 1833ई0 का चार्टर किस गर्वनर जनरल के समय पास हुआ? 1

(1) लार्ड क्लाइव (2) लार्ड वेलेजली

(3) लार्ड–कार्नवालिस (4) लार्ड विलियम बेण्टिक

6— ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे— 1

(1) राजाराम मोहन राय (2) स्वामी विवेकानन्द

(3) स्वामी दयानन्द सरस्वती (4) रामकृष्ण परमहंस

7— बंगाल विभाजन के समय भारत का वायसराय था— 1

(1) लार्ड कर्जन (2) लार्ड मिन्टो

(3) लार्ड रिपन (4) लार्ड डफरिन

8— निम्नलिखित में से गरम दल के नेता थे— 1

(1) दादा भाई नैरोजी (2) फिरोज शाह मेहता

(3) बाल गंगाधर तिलक (4) ए0ओ0 ह्यूम

9— निम्न में से कौन सा आन्दोलन गाँधी जी से सम्बन्धित नहीं था— 1

(1) असहयोग आन्दोलन (2) होमरूल आन्दोलन

(3) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (4) भारत छोड़ो आन्दोलन

10— गाँधी जी ने डांडी मार्च प्रारम्भ किया था— 1

(1) अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिये कहने हेतु

(2) नमक कानून तोड़ने हेतु

(3) विदेशी सामानों के बहिष्कार हेतु

(4) हिन्दू मुस्लिम एकता हेतु

खण्ड–'ख'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11– राणा सांगा की पराजय के क्या परिणाम हुये? 2

12– शेरशाह को 'शेर खाँ' की उपाधि क्यों दी गयी? 2

13– पुरन्दर की सन्धि किसके–किसके मध्य हुयी? 2

14– फ्रांसीसियों के विरूद्ध अंग्रेजों की सफलता के किन्ही दो कारणों का उल्लेख कीजिए? 2

15– वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट क्या था? 2

खण्ड–'ग'

लघु उत्तरीय प्रश्न

16– "हुमायूँ स्वयं अपना शत्रु था" स्पष्ट कीजिए? 5

17– "अष्ट प्रधान" के विषय में आप क्या जानते हैं? 5

18– 1857 ई0 की क्रान्ति का तात्कालिक कारण क्या था? 5

19– खिलाफत आन्दोलन के उद्देश्यों की विवेचना कीजिए? 5

20– 1947ई0 के अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? 5

21– गुटनिरपेक्षता का क्या महत्व है? 5

खण्ड–'घ'

दीर्घ उत्तरीय (विस्तृत उत्तरीय) प्रश्न

22– "अकबर मुगल साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक था", इस कथन की विवेचना कीजिए? 10

अथवा

"शाहजहाँ का काल मुगल साम्राज्य का स्वर्ण युग था" क्या आप सहमत हैं? विवेचना कीजिए?

23– बक्सर के युद्ध के कारण तथा परिणाम पर प्रकाश डालिये? 10

अथवा

बंगाल के द्वेध शासन के पक्ष–विपक्ष पर प्रकाश डालिये?

24– "भारत सरकार अधिनियम 1935 ई0" की प्रमुख धाराओं का वर्णन कीजिये? 10

अथवा

"1919" के अधिनियम की प्रमुख धाराओं का उल्लेख कीजिए?

खण्ड–'ङ'

25– निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए।

(क) 1658 ई0 1

(ख) 1659 ई0 1

(ग) 1742 ई0 1

(घ) 1798 ई0 1

(ङ) 1856 ई0 1

(च) 1875 ई0 1

(छ) 1885 ई0 1

(ज) 1929 ई0 1

(झ) 1932 ई0 1

(ञ) 1956 ई0 1

26— **मानचित्र सम्बन्धी प्रश्नः**

दिये गये भारत के रेखा—मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन (•) चिन्ह द्वारा दर्शाइये तथा उनके नाम भी लिखिये। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है।

(i) वह स्थान जहाँ से 1857 ई0 की क्रान्ति की शुरूआत हुयी। 2

(ii) वह स्थान जहाँ कांग्रेस का पहला अधिवेशन हुआ? 2

(iii) वह स्थान जहाँ जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। 2

(iv) "राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956" द्वारा 1 मई 1960 में किये गये परिवर्तन द्वारा गठित नया राज्य 2

(v) "2000ई0" में संसद द्वारा पारित विधेयक द्वारा गठित कोई एक राज्य 2

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न संख्या—26 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर अपनी उत्तर—पुस्तिका में लिखिये। मानचित्र का प्रयोग न कीजिये।

(i) 1859 ई0 की क्रान्ति की शुरूआत कहाँ से हुयी? 2

(ii) कांग्रेस का पहला अधिवेशन कहाँ हुआ? 2

(iii) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ? 2

(iv) "राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956" द्वारा 1 मई, 1960 में किये गये परिवर्तन द्वारा गठित नये राज्य का नाम लिखियें? 2

(v) 2000ई0 में संसद द्वारा पारित विधेयक द्वारा गठित किसी एक राज्य का नाम लिखिये? 2

*****

c